रोहतक

गुरुवार 8 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 340
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 17.4
न्यून. 4.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## वैभव सूर्यवंशी की 63 बॉल में सेंचुरी, भारत ने अफ्रीका को 3-0 से हराकर सीरीज कब्जाई




**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।** वैभव सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे अंडर-19 वनडे में 63 बॉल पर शतक लगाया। उनकी इस पारी से भारत ने 233 रन की जीत हासिल की। साथ ही 3 मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। 14 साल के वैभव ने 74 बॉल पर 127 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 10 छक्के और 9 चौके लगाए। वैभव ने आरोन जॉर्ज के साथ 227 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

*(खेल पेज भी देखें)*

## खबर संक्षेप

### जल्द शादी के बंधन में बंधेंगे अर्जुन तेंदुलकर



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। अर्जुन मंगेतर सानिया चंदोक से मार्च में शादी रचा सकते हैं। बता दें कि, दोनों की पिछले साल अगस्त में सगाई हुई थी। सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है। *एजेंसी*

### देश की जीडीपी 7.4% की दर से बढ़ने का अनुमान




**नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, भारत की जीडीपी 2025-26 में 7.4% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। जबकि यह पिछले साल 6.5% थी। बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत से 0.9 प्रतिशत अधिक है। *एजेंसी*

# पानीपत में 8 करोड़ का जीएसटी घोटाला, 700 फर्जी बिल काटे

- महिला उद्यमी की आईडी हैक कर 8.01 करोड़ का टर्नओवर दिखाया
- 27-28 कंस्ट्रक्शन कंपनियों के नाम पर जारी किए गए बिल
- सरकारी महकमों से पेमेंट ली, भ्रष्टाचार के बड़े नेटवर्क का हो सकता है खुलासा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत में बड़े जीएसटी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। महिला उद्यमी की बंद पड़ी फर्म का डेटा हैक कर कुछ लोगों ने करीब 8.01 करोड़ रुपये का फर्जी टर्नओवर दिखाया और 700 से अधिक फर्जी बिल काट दिए। पुलिस ने महिला की शिकायत और पुख्ता सबूतों के आधार पर हिमांशु, हर्ष, अर्पित समेत 5 लोगों के खिलाफ मॉडल टाउन थाने में एफआईआर दर्ज की है। पानीपत में शुगर मिल कॉलोनी में रहने वाली सुशीला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कि वह 'राज एंड संस' नाम से प्लास्टिक रीसाइकिलिंग की फर्म चलाती थीं। घाटे के कारण 2023 में उसकी फर्म बंद हो गई थी। मार्च 2025 में बेटे के दोस्त सचिन के माध्यम से उनकी मुलाकात हिंमाशु शर्मा से हुई, जिसने खुद को सीए का जानकार बताकर फर्म की देखरेख और 'निल' रिटर्न भरने की जिम्मेदारी ली।



### जांच के घेरे में सरकारी विभाग

सुशीला देवी ने बताया कि इन फर्जी बिलों का इस्तेमाल पीडब्ल्यूडी, नगर निगम पानीपत, एचएसवीपी और सिंचाई विभाग जैसे सरकारी महकमों में पेमेंट लेने के लिए किया गया है। पुलिस अब इन 27 कंपनियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है, ताकि यह पता चल सके कि क्या सरकारी राजस्व को चूना लगाने में विभागों के अधिकारियों की भी मिलीभगत है। महिला ने कहा कि आरोपियों ने न केवल उसकी पहचान चुराई, बल्कि उसको करोड़ों की लायबिलिटी में धकेल दिया। उसके पास उनकी स्वीकारोक्ति की रिकॉर्डिंग और चैट मौजूद हैं।

### ऐसे दिया पूरे घोटाले को अंजाम

- **पोर्टल हथियाया :** आरोपियों ने बड़ी चालाकी से जीएसटी पोर्टल पर कब्जा कर लिया।
- **आईडी-पासवर्ड का दुरुपयोग:** देखरेख के नाम पर लिए गए क्रेडेंशियल्स का गलत इस्तेमाल किया गया।
- **सिस्टम हाईजैक:** पीड़िता के मोबाइल और ईमेल को बदलकर अपना नंबर अपडेट कर दिया, ताकि सारे ओटीपी और अलर्ट्स आरोपियों के पास जाएं।
- **फर्जी बिलिंग:** जब पीड़िता ने नवंबर 2025 में पोर्टल खोलने की कोशिश की, तो पता चला कि उनकी फर्म से सीमेंट और सेनेटरी के करोड़ों के बिल काटे गए हैं, जबकि उनका काम प्लास्टिक का था।
- **27 कंपनियों का नेटवर्क:** जांच में सामने आया कि मई से अक्टूबर 2025 के बीच करीब 27-28 कंस्ट्रक्शन कंपनियों को 700 फर्जी बिल जारी किए गए।

### जान से मारने की धमकी भी दी

शिकायत के मुताबिक, 30 नवंबर 2025 को एक मुलाकात के दौरान आरोपी हर्ष और हिमांशु ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही आईडी हैक कर बिल काटे हैं। जब पीड़िता के बेटे ने विरोध किया, तो नीरज राणा नामक व्यक्ति ने गुंडों और लाठी-डंडों के साथ आकर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि उनके संबंध बड़े अधिकारियों से हैं।

### पिता व पुत्र समेत पांच पर केस दर्ज

सुशीला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों हिमांशु शर्मा, अर्पित हर्ष, इसके पिता पर बीएनएस की धारा 318 (4), 336(3)/ 340 (2) और आईट एक्ट 66(सी)/72 के तहत केस किया है। जबकि धमकी देने के आरोप में नीरज राणा नामक व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया है। वहीं, थाना मॉडल टाउन पुलिस राज एंड संस से फर्जी बिलिंग कराने वाली कंपनियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है, ताकि यह पता चल सके कि क्या सरकारी राजस्व को चूना लगाने में विभागों के अधिकारियों की भी मिलीभगत है।

# कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे : सुप्रीम कोर्ट

## ये बड़े और बच्चों को काट रहे, हादसों में भी जान जा रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है। पीठ ने सवाल उठाया कि स्कूलों, अस्पतालों और अदालत परिसरों के भीतर आवारा कुत्तों की क्या आवश्यकता है और उन्हें वहां से हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है।



### कोर्ट में हुई तीखी बहस

- बहस में आवारा कुत्तों के पक्ष में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि जो कुत्ता काटे उसकी नसबंदी की जा सकती है।
- इस पर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं।
- कोर्ट ने कहा कि कुत्तों से दुर्घटनाओं का खतरा भी होता है। आप इसकी पहचान कैसे करेंगे? सुबह-सुबह कौन सा कुत्ता किस मूड में है, यह आप नहीं जान सकते।
- इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- 'आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।'
- कोर्ट ने सरकार से पूछा कि 2018 में एनिमल बर्थ कंट्रोल को लेकर सख्त निर्देश दिए गए थे। ये ठीक से लागू क्यों नहीं हुए। नियमों के पालन में देरी से जनता को नुकसान नहीं होना चाहिए।

## कुख्यात गैंगस्टर अमन भैंसवाल अमेरिका से डिपोर्ट

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** कुख्यात गैंगस्टर अमन भैंसवाल को अमेरिका से डिपोर्ट कर भारत लाया गया है। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह जैसे ही अमन की फ्लाइट लैंड हुई, हरियाणा एसटीएफ ने उसे हिरासत में ले लिया। अमन भैंसवाल भाऊ गैंग से जुड़ा हुआ है। उस पर हरियाणा के अलावा पंजाब और दिल्ली में संगीन धाराओं में कई केस दर्ज हैं। 2 साल पहले उसने गोहाना में मातू राम हलवाई की दुकान पर फायरिंग करके 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी, जिसके बाद वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए अमेरिका भाग गया था। इसके बाद इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया। वहां अमेरिकी एजेंसियों ने अमन को पकड़ लिया था।



हरियाणा एसटीएफ ने दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

## वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस मान्यता रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू स्थित वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस की मान्यता रद्द कर दी गई है। कॉलेज को पिछले साल ही एमबीबीएस कोर्स चलाने की मान्यता मिली थी। नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) ने कॉलेज में मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर यह फैसला लिया। मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य कॉलेजों में शिफ्ट किया जाएगा। दरअसल कॉलेज पर आरोप लगा था कि 2025-26 के पहले बैच में 42 मुस्लिम, 7 हिंदू और एक सिख छात्र का नाम सीट अलॉटमेंट लिस्ट में रखा गया। जिसके बाद कई हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

### ये कमियां

- शिक्षकों की संख्या 39 और डॉक्टर भी 65% कम मिले
- ओपीडी में केवल 182 मरीज मिले
- केवल 2 ऑपरेशन थियेटर काम कर रहे थे

# जगबीर हत्याकांड : 14 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

अदालत ने जिला कारागार में हुए नामी बदमाश जगबीर हत्याकांड में 14 आरोपियों को दोषी करार दिया है। प्रत्येक दोषी पर 42500 रुपये जुर्माने भी लगाया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना ने सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। गैंगवार में बंदियों ने उसका सिर चक्की में मारने के साथ ही चम्मच को नुकीली बनाकर उससे उसके सीने को गोद दिया था। हमले के दौरान तत्कालीन हैड वार्डर व निगरानी सुरक्षा वार्डर को भी घायल कर दिया था।



### फरवरी 2021 का मामला

1. गैंगवार के चलते की थी जगबीर की हत्या हैड वार्डर सहित दो और हो गए थे घायल
2. जेल के अंदर चक्की में सिर मारकर नुकीली चम्मच से की थी वारदात

### सिर और सीने पर किए वार

बंदियों ने उसको चक्की के अंदर ही दबोचकर नुकीली बनाई गई चम्मच से जगबीर के सिर व सीने पर ताबड़तोड़ कई वार किए थे। उसका सिर चक्की में मारने के साथ परने से गला घोंट दिया था।

### सुबह खाना खाने के समय बैरक में घुसकर किया था जगबीर पर हमला

जेल उप अधीक्षक अंकित मलिक ने 21 फरवरी, 2021 को सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुबह आठ बजे सुरक्षा वार्ड की बैरक बी व डी तथा बैरक नंबर-8 के बंदियों को खाना दिया जा रहा था। बैरक नंबर-8 के बंदियों गांव नाहरी निवासी दिनेश व मुकीमपुर निवासी रोहित उर्फ मोहित ने सुरक्षा गार्ड नवीन उर्फ मंडोरी को अपने पास बुलाकर दबोच लिया था और मारपीट की थी। साथ ही गांव रभड़ा के रजनीश उर्फ पालू, रामगढ़ के दीपक, सोनीपत के पवन व गंगाना के अनिल ने भागकर हैड वार्डर कदम सिंह को दबोच लिया था और उसे पीटने लगे थे। तभी अन्य बंदियों हरसाना गांव के अमित उर्फ मोटा, जागसी के महिपाल उर्फ महल्ला, गंगाना के रवींद्र उर्फ ठेकेदार, तिहाड़ खुर्द के प्रवीन, हिसार के सूर्य नगर के रवींद्र उर्फ रघबीर, करेवड़ी के रोहित उर्फ नीटू व दीपक उर्फ फोर्ड और थाना खुर्द गांव के गीतू उर्फ परिंदा ने मिलकर सुरक्षा वार्ड की चक्की नंबर-20 में बंद कैदी मूलरूप से गांव बुटाना फिलहाल कासंडी निवासी जगबीर के पास घुस गए थे।

## बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में एक और हिंदू की सरेआम गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जेस्सोर के मोनिरामपुर में राणा प्रताप बैरागी एक स्थानीय अख़बार के कार्यवाहक संपादक भी थे। हालांकि, पुलिस के मुताबिक राणा प्रताप बैरागी के खिलाफ हत्या, बलात्कार और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अलग-अलग पुलिस थानों में तीन मामले दर्ज हैं। घटना सोमवार शाम को मोनिरामपुर उपज़िले के एक बाज़ार में हुई। बैरागी की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। हालांकि, उनकी हत्या की वजह अभी भी एक रहस्य बनी हुई है।

**एक स्थानीय अखबार के कार्यवाहक संपादक थे राणा प्रताप बैरागी**

## वेनेजुएला से 5 करोड़ बैरल तेल लेंगे ट्रंप बोले-कमाई पर भी मेरा कंट्रोल रहेगा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल प्रतिबंधित तेल सौंपेगी। ट्रम्प ने बताया कि यह तेल बाजार भाव पर बेचा जाएगा। इससे मिलने वाली रकम पर ट्रम्प का कंट्रोल रहेगा। 5 करोड़ बैरल कच्चे तेल की कीमत वर्तमान में करीब 25 हजार करोड़ रुपये है। ट्रंप के मुताबिक इसका इस्तेमाल वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के हित में किया जाएगा।

### रूसी टैंकर पर अमेरिका का कब्जा

अटलांटिक महासागर में अमेरिका और रूस के बीच सीधे टकराव के हालात बन गए हैं। अमेरिकी सेना ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में रूसी झंडे वाले एक तेल टैंकर को रोक लिया है। यह टैंकर वेनेज़ुएला से तेल निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंधों से बच निकलने में सफल रहा था। अमेरिकी सेना ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी बलों ने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के कारण उस जहाज को जब्त कर लिया है। कोस्ट गार्ड ने लगभग दो सप्ताह तक पीछा करने के बाद टैंकर पर चढ़ाई की।

## दो टूक — आईसीसी ने किसी अन्य देश में मैच खेलने की मांग खारिज की

*दोनों देशों में तनाव के बीच बीसीबी ने भारत से बाहर मैच करवाने की रखी थी मांग*

# बांग्लादेश को दिखाई औकात, खेलना है तो भारत आओ, वरना अंक गंवाने होंगे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश को उसकी औकात दिखा दी है। आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के टी-20 वर्ल्ड कप के कार्यक्रम में बदलाव की मांग खारिज कर दी है। आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। यह दावा भारतीय मीडिया रिपोर्ट्स में किया गया। हालांकि, बीसीबी ने बुधवार को बयान जारी कर इन रिपोर्ट को खारिज कर दिया। बोर्ड ने कहा- आईसीसी भारत में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में हमारी चिंताओं को दूर करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करने को तैयार है। आईसीसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी तय करने के लिए समर्पित है।

### 'पाकिस्तान के मैच बाहर, तो हमारे क्यों नहीं'



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, वहां की सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने भारत पाकिस्तान का हवाला दिया। अमीनुल इस्लाम ने कहा कि भारत-पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों में एक-दूसरे के खिलाफ तीसरे देश में खेलती हैं। इस्लाम ने खिलाड़ियों की सुरक्षा को सबसे बड़ी चिंता बताते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के मैचों के साथ भी ऐसा ही किया जाना चाहिए। इस्लाम ने आगे कहा- 'जब चैंपियंस ट्रॉफी हुई थी, तब भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई थी। पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान भारत नहीं आया था। इसलिए हमें भी उम्मीद है कि हमें उम्मीद है कि हम अपने तर्क मजबूती से रख पाएंगे।

### मुस्तफिजुर को आईपीएल से निकालने पर बढ़ा विवाद

16 दिसंबर को आईपीएल निलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण भारत में मुस्तफिजुर का विरोध होने लगा। बाद में बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की अनुमति नहीं दी और 3 जनवरी को केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। इसके बाद से विवाद बढ़ता चला गया।




धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## खबर संक्षेप



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

### केरल विस स्पीकर से मिले हरविन्द्र कल्याण



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने केरल भ्रमण के दौरान बुधवार को वहां की विधान सभा का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केरल विधान सभा अध्यक्ष एएन शमसीर से संसदीय विषयों पर गहन चर्चा भी की। चर्चा में सामने आया कि केरल विधान सभा में विभिन्न संसदीय सुधारों पर काम किया जा रहा है। इस दौरान हरियाणा विधान सभा की संसदीय प्रक्रिया और नियमों को लेकर भी जानकारी साझा की गई।

### युवाओं का उत्पीड़न कर रही सरकार : कटारिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया की ओर से हरियाणा लोक सेवा आयोग हरियाणा के युवाओं के रोजगार विरोधी नीतियों के खिलाफ पत्रकार वार्ता का आयोजन शुक्रवार को होगा। जिसमें भाजपा सरकार पर युवक कांग्रेस नेता द्वारा हमला बोला जाएगा, साथ ही हरियाणा लोक सेवा आयोग को लेकर खुलासा करने का दावा किया है।

### कांग्रेस झूठ का प्रोपेगेंडा कर रही : प्रवीण आत्रेय

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय का कहना है कि मनरेगा के नाम पर कांग्रेस झूठ का प्रोपेगेंडा करने का काम कर रही है। कांग्रेस अपनी खोई सियासी जमीन खोजने में लगी है। प्रदेश और देश की जनता इन लोगों को सिरे से नकार चुके हैं, पहले भी इन लोगों ने इस योजना का नाम दो बार बदला था। अब जनता बहुत ही जागरूक है इसलिए ये सियासी ड्रामा कर देश के लोगों को गुमराह नहीं कर सकते।

### ऊर्जा मंत्री के पीएसओ सुल्तान पदोन्नत



**चंडीगढ़।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज के पीएसओ सुल्तान सिंह को हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर की पदोन्नति मिल गई है। वरिष्ठ मंत्री अनिल विज के साथ में सुल्तान सिंह लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने पीएसओ सुल्तान के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में दूसरे दिन प्री-बजट परामर्श सत्र में लिए सुझाव

# खरखौदा में साइबर सिटी, राई में होलसेल मार्केट व ईवी पार्क बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को को लगातार दूसरे दिन शहर के सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस में हरियाणा विजन-2047 के लिए आगामी बजट के लिए महत्वपूर्ण प्री-बजट परामर्श सत्रों की अध्यक्षता की। इस दौरान सीएम ने कहा कि उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार ने आगामी बजट के लिए यह लक्ष्य रखा है कि बजट अधिक से अधिक रोजगार परक और उद्योगों के अनुकूल हो, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले व 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में हरियाणा का योगदान अग्रणी हो। सीएम ने कहा कि खरखौदा में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सैटेलाइट शहर बसाने की योजना है। इसके साथ-साथ राई में होलसेल मार्केट बनाई जाएगी। इसको लेकर व्यापारियों ने संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में ईवी पार्क बनाने का लक्ष्य भी रखा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईएमटी खरखौदा के विस्तार के लिए 3 करोड़ रुपए प्रति एकड़ की दर से लगभग 5800 एकड़ भूमि की पहचान की जा चुकी है।

- खरखौदा के विस्तार के लिए लगभग 5800 एकड़ भूमि की पहचान



### पिछले साल 71 सुझाव बजट में शामिल किए

उन्होंने बताया कि पिछले साल 71 सुझावों को बजट में शामिल किया गया। उद्योग एवं श्रम विभाग के लिए वर्ष 2025 - 26 बजट में लगभग 1 हजार 951 करोड़ 43 लाख रुपए का प्रावधान किया गया, इसमें से 873 करोड़ 51 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बजट से जुड़े अच्छे सुझाव आमंत्रित हैं, कोई भी साथी एआई चैट बॉट के माध्यम से अपने सुझाव दे सकता है।

### आरआरटीएस की डीपीआर तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 70 हजार करोड़ रुपए की लागत से आरआरटीएस की डीपीआर बन चुकी है, जल्द ही उसका टेंडर होगा। यह सराय काले खां से करनाल और सराय काले खां से अलवर तक जाएगा, इससे प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा। वहीं मानेसर में कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय परिसर बावल में 26 लाख रुपए की राशि से लेबर कोर्ट बनाई जाएगी, इसके लिए बजट लोक निर्माण विभाग को दिया जा चुका है। सीएम ने कहा कि आज इस बजट पूर्व परामर्श बैठक में अनेक सुझाव आए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा के औद्योगिक विकास के लिए बजट प्रावधानों में विशेष फोकस होगा। जितने ठोस और लागू करने योग्य सुझाव दिए गए हैं, उतना ही प्रभावी बजट प्रस्तुत करेंगे।

### बजट में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाएगा

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार विकसित भारत-2047 के विजन पर फोकस करते हुए कार्य कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को नई पहचान दिलाने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। ऐसे में हरियाणा सरकार द्वारा आगामी बजट को हर हित की सोच के साथ सुगम व फलदायी बनाने के लिए इस प्रकार के प्री बजट सेशन में सुझाव लेते हुए कदम उठाए जाएंगे

### चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर और अन्य ने दिए सुझाव

*मुख्यमंत्री ने दो सत्रों में विभिन्न हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक में सार्थक चर्चा कर पेरेशवरों के सुझाव सुने। दूसरे सत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्तागण, आर्किटेक्ट्स और पर्यावरणविदों, डॉक्टर सहित विभिन्न पेशेवर शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठकों में दिए गए सुझाव सहभागी लोकतंत्र, सहयोगात्मक शासन और साझा उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इस जन भावना पर ही हरियाणा सरकार नीतियों और निर्णयों की नींव रखती है।*

### आपराधिक कानून लागू करने में राज्य अग्रणी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों को बदला गया है। हरियाणा देश का अग्रणी राज्य है जिसने इतने कम समय में तीनों नये कानूनों को सफलतापूर्वक लागू किया। इसी तर्ज पर राज्य में इन कानूनों को लागू करने में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए ई-साक्ष्य और ई-समन ऐप लागू किए हैं। जनवरी, 2025 से 31 अगस्त, 2025 तक 96.71 प्रतिशत मामलों में अपराध स्थल की फोरेंसिक जांच की रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य ऐप से की गई है।*

---

## एनीमिया मुक्त भारत : अब तक 95 लाख से अधिक लोगों की जांच : राव



**चंडीगढ़।** प्रदेश ने एनीमिया के खिलाफ भारत की लड़ाई में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत मई 2022 से अब तक 95 लाख से अधिक लाभार्थियों की जांच की है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक के बाद दी। स्वास्थ्य मंत्री ने दोहराया कि हरियाणा सरकार एनीमिया उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इस दिशा में प्रयास और मजबूत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सतत प्रयासों, नवाचारपूर्ण अभियानों और प्रभावी निगरानी व्यवस्था के कारण हरियाणा ने वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 85.2 प्रतिशत कंपोजिट इंडेक्स स्कोर के साथ देश में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद दूसरी तिमाही (जुलाई–सितंबर 2025) में प्रदर्शन को और बेहतर बनाते हुए 90 प्रतिशत स्कोर के साथ राज्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राव ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता का आधार टेस्ट–ट्रीट–टॉक–ट्रैक मॉडल है, जिसके तहत एनीमिया का इलाज किया जा रहा है।


### प्रेस नोट

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, रेवाड़ी के अधीन स्थित बस स्टैण्डों पर स्थित खाली दुकानों व साईकिल, मोटरसाईकिल स्टैण्डों को किराये पर देने हेतु नीलामी दिनांक 12.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे हरियाणा राज्य परिवहन, रेवाड़ी के प्रांगण में होगी। यदि दिनांक 12.01.2026 को किन्ही कारणों से नीलामी नहीं होती है तो आगामी नीलामी दिनांक 27.01.2026 एवं 11.02.2026 को की जायेगी। यह नीलामी वित्त वर्ष 2025-28 के लिए की जायेगी। ईच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्यदिवस को 500/-रु० अदायगी करके दुकानों की नीलामी से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों से सम्बन्धित फार्म भवन लिपिक कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, रेवाड़ी से प्राप्त कर सकते हैं।

**आदेशानुसार**
**महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, रेवाड़ी।**

पीआरडीएच : 1119/11/789/2026/41833/88/6 दि. 07.01.26

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 489 दिनांक 11.12.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना गन्नौर जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम- अमजद।
पिता का नाम - इस्लाम।
पता - शास्त्री नगर त. गन्नौर जिला सोनीपत राज्य हरियाणा।
उम्र - 18 वर्ष।
कद - 5 फुट।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काले कैरी आँखे, दीमागी रुप से मंदबुधी है।
पहनावा - नीले रंग की शर्ट, ग्रे रंग की पैन्ट व पैरों में सैन्डल पहने हुए।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2025 को अमजद पुत्र इस्लाम वासी शास्त्री नगर त. गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चला गया है। जो अब तक वापिस नही आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो० न0 - 7419410542**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 7419410363**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4328/2026/41838/88/6 दि. 07.01.26

### सार्वजनिक सूचना

सभी नरवाना नगरवासियों को विनम्र सूचित किया जाता है कि नगर परिषद नरवाना द्वारा लाल डोरा के अन्तगर्त आने वाले सम्पत्ति / धारकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं। जिसकी ड्राफ्ट सूची नगर परिषद नरवाना की प्रोपट्री शाखा में उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति को संबधित सूची में वर्णित किसी भी सम्पत्ति से संबधित कोई ऐतराज है अथवा कोई लाल डोरा स्वामित्व से वंचित हो तो लाल डोरा की हिदायतों (SOP) के अनुसार उचित दस्तावेजों सहित, जिला नगर आयुक्त, जीन्द द्वारा मनोनीत नगर परिषद नरवाना के निम्न अधिकारियों के समक्ष, सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर-2, किसी भी कार्यदिवस को, दावे/आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं:-

| क्रं० सं. | अधिकारी का नाम | सम्पत्ति क्रं० संख्या (फाईल अनुसार) |
|---|---|---|
| 1 | श्री संदीप, सचिव | 1 to 780 |
| 2 | श्री सोमवीर, कनिष्ठ अभियन्ता | 781 to 1560 |
| 3 | श्री सुनील, लेखाकार | 1561 to 2341 |

दावे/आपत्ति के निपटान उपरान्त अन्तिम सूची प्रकाशित करके स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी कर दिये जायेगे।
सूचित रहे।

**हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नरवाना।**

पीआरडीएच : 1078/11/913/2026/41832/C/88/6 दि. 07.01.26


---

डबवाली में महाग्राम योजना में अनियमितताओं की शिकायत पर एक्शन

## दो उपमंडल अभियंताओं व एक कनिष्ठ अभियंता को सस्पेंड और दो एक्सईन को चार्जशीट करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को डबवाली के गांव गंगा में महाग्राम योजना में अनियमितताओं की शिकायत पर दो उपमंडल अभियंता और एक कनिष्ठ अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा दो कार्यकारी अभियंता को चार्जशीट करने के निर्देश दिए। गंगवा हरियाणा निवास में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे है। बैठक में प्रदेश में पेयजल आपूर्ति, महाग्राम योजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) तथा आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विभागीय तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की है। मंत्री ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, भ्रष्टाचार या गुणवत्ता से समझौता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाग्राम योजना सहित सभी योजनाओं में कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा फील्ड स्तर पर निरीक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।



- लापरवाही, भ्रष्टाचार या गुणवत्ता से समझौता सहन नहीं करेंगे : गंगवा

### थानेसर और गुरुग्राम की एजेंसी ब्लैकलिस्ट

**चंडीगढ़।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश में भवन और सड़कें वन-स्टैंडर्ड हों तथा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) स्वयं को एक मजबूत ब्रांड के रूप में स्थापित करे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि कुछ स्थानों पर एक ही ठेकेदार द्वारा कई-कई कार्य लेने के कारण परियोजना समय पर पूरा नहीं हो पा रही। उन्होंने थानेसर और गुरुग्राम क्षेत्र की ऐसी एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार अधिक टेंडर कार्य लेना गलत नहीं है, लेकिन सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे होने चाहिए।

## चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए समन्वय समिति गठित होगी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की नई सहकारिता नीति को क्रियान्वित करने की दिशा में हरियाणा गंभीरता से काम कर रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए सीएम पैक्सों से शुरुआत करने तथा इच्छुक सहकारी समितियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं, प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी शीघ्र ही समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता मंत्री हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित कमेटी कक्ष में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेन्द्र कुमार एवं सभी सहकारी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में अनाज भंडारण के लिए गोदाम निर्माण के उद्देश्य से हैफेड को नोडल एजेंसी बनाते हुए 10 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। इस दिशा में हैफेड द्वारा अब तक 3.35 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि 1.38 लाख मीट्रिक टन के लिए प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति को भेज दिए गए हैं।



- सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

### करनाल के युवक की स्पेन में मौत साइकिल चलाते हुए नीचे गिरा

**करनाल(हरिभूमि न्यूज)।** करनाल के रहने वाले युवक की स्पेन में मौत हो गई। युवक साइकिल पर फूड डिलीवर करने के लिए जा रहा था। पहाड़ी एरिया में चढ़ते हुए घबराहट होने के बाद वह गिर गया। आसपास के लोग तुरंत उसे अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद करनाल में उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मृतक की पहचान कैमला गांव के रहने वाले मुकेश कुमार के तौर पर हुई है। एक साल पहले उसने लव मैरिज की थी। 3 महीने पहले ही वह पत्नी के साथ स्पेन गया।

### करनालः एसआई की मौत क्वार्टर में मिले अचेत

**करनाल।** मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी परिसर के सरकारी क्वार्टर में रह रहे एसआई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एसआई बुधवार सुबह अचेत अवस्था में अपने क्वार्टर में मिले थे। इसी हालत में उन्हें वहां से अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई थी। मृतक की पहचान 47 वर्षीय सब इंस्पेक्टर विक्रम के रूप में हुई है। वे हरियाणा पुलिस अकादमी में सीएसओ में बास्केटबॉल खिलाड़ी के रूप में तैनात थे। वे मूल रूप से सोनीपत के धनाना गांव के रहने वाले थे। मौजूदा समय में उनकी रिहायश जींद के सेक्टर-8 के हाउस नंबर 741 में है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### एचपीएससी की 35% कट-ऑफ नीति युवाओं के अधिकारों पर डाका : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की 35 प्रतिशत न्यूनतम अंक नीति को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस नीति को प्रदेश युवाओं के अधिकारों पर डाका और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश करार दिया। हुड्डा ने कहा कि 35% कट-ऑफ नीति के जरिए जानबूझकर पद खाली छोड़े जा रहे हैं, जबकि प्रदेश के युवा पहले ही बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। इससे युवा परेशान हो रहे है। पंचकूला में धरने पर बैठे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

### ग्रुप-डी कर्मचारियों की पदोन्नति से जुड़े विवरण देने के निर्देश

**चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रुप-डी कर्मचारियों की पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले ग्रुप-सी पदों से संबंधित जानकारी तीन दिनों के भीतर उपलब्ध कराएं। पत्र के अनुसार, सभी विभागों को निर्धारित एक्सेल प्रारूप में ई-मेल के माध्यम से आवश्यक विवरण भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मांगी गई जानकारी में ग्रुप-सी में पदोन्नत किए जाने वाले पदों का नाम, विभागीय सेवा नियमों के अनुसार पात्रता मानदंड, ग्रुप-सी पदों की स्वीकृत संख्या, पदोन्नति द्वारा भरे गए पदों की संख्या, रिक्त पदों की स्थिति की भी जानकारी मांगी है।

## परिवहन सेवाओं को मिलेगी और गति, दिल्ली में आज सभी राज्यों के मंत्रियों की होगी बैठक

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली में बृहस्पतिवार को देश के सभी राज्यों से परिवहन मंत्रियों व केंद्र शासित प्रदेशों के भी परिवहन मंत्रियों का जमावड़ा रहेगा। अहम बात यह है कि इस अहम कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। इस दौरान सभी राज्यों की परिवहन व्यवस्था, उसमें किए जा रहे सुधार पर लंबा चिंतन मंथन होने जा रहा है। हरियाणा से भी प्रदेश के परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज और आला अफसरों के बैठक में पहुंचने की तैयारी है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश में आने वाले वक्त में उठाए जाने वाले कदमों, बेहतर से बेहतर परिवहन व्यवस्था को लेकर बैठक में चिंतन मंथन होगा। खुद हरियाणा में परविहन व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे कदमों, ईवी बसों और परिवहन व्यवस्था में सुधार पर खुद मंत्री अनिल विज राज्य के आला अफसरों से कईं बैठकें कर बैठक को लेकर तैयारी कर चुके हैं।

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे अध्यक्षता

### हादसों को कम करने, ट्रैफिक नियमों का सौ फीसदी पालन करवाने पर होगा मंथन

खास बात यह है कि राज्यों के परिवहन मंत्रियों और आला अफसरों को दिल्ली बुलाए जाने के पीछे जहां परिवहन व्यवस्था में विकसित भारत -2047 के हिसाब से आमूल चूल परिवर्तन की तैयारी है। वहीं दूसरी तरफ राज्यों और केंद्र के बीच में इस विषय को लेकर बेहतर से बेहतर कोर्डिनेशन बनाने का प्रयास भी होगा। खास बात यह है कि देश के उन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में जहां पर परिवहन व्यवस्था बेहतरीन है, उसको बाकी राज्यों के साथ में साझा करने और उस तरह की व्यवस्था बनाने की दिशा में कदम उठाने पर चिंतन मंथन के बाद में होमवर्क होगा। परिवहन विभाग के इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के दौरान परिवहन की राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां, सड़क सुरक्षा, जनता परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार ही एजेंडा, परिवहन सुधार और सड़क दुर्घटनाओं को कम से कम करने, ट्रैफिक नियमों का सौ फीसदी पालन करने पर व्यापक मंथन होगा। इलेक्ट्रिक व स्वच्छ मोबिलिटी पर व्यापक चर्चा होगी। इसके अलावा बैठक में राष्ट्रीय परिवहन नीति, डिजीटल परिवहन समाधान सुरक्षित सडक समांजस्यपूर्ण कार्यान्वयन जैसे विषयों को लेकर ही चर्चा के बाद व्यापक रणनीति तैयारी की जाएगी।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (3 अदद 16 पैसेंजर लिफ्ट और 3 अदद 20 पैसेंजर का प्रावधान केवल)। | 02.01.2026 15.01.2026 | 153.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed- hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | मडलौडा जिला पानीपत में राजकीय महाविद्यालय के द्वितीय तल का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 07.01.2026 15.01.2026 | 205.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव बरसाना में विष्णुपाद तीर्थ का विकास। | बंद होने की तिथि 13.01.2026 | 70.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (20 केवीए ऑनलाइन यूपीएस का प्रावधान केवल)। | 06.01.2026 12.01.2026 | 4.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (हिसार निर्वाचन क्षेत्र) हिसार आरडी 0.00 से 1.69 कि.मी. पर एनजीएम के साथ-साथ लाहोरिया चौक से मिल गेट पुलिस चौकी तक रोड का सुधार (स्ट्रीट लाइट की मरम्मत) (बकाया कार्य)। | 06.01.2026 12.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन रेवाड़ी | एंड्रोयड टेबलेट्स की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 09.01.2026 26.01.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813813469 dhs.csrwr@hry.nic.in |
| 7 | वन विभाग सिरसा | हवा से गिरे हुए पेड़ों को हटाने और इकट्ठा करने के लिए सार्वजनिक सूचना के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 15.01.2026 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव निगधू ब्लॉक नीलोखेड़ी जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निकट दो आंगनवाड़ी केन्द्र को पूरा करना। | 06.01.2026 15.01.2026 | 5.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव बड़ागांव ब्लॉक कुंजपुरा जिला करनाल में अम्बेडकर भवन में ई.आई. का प्रावधान। | 06.01.2026 13.01.2026 | 1.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज भिवानी | गांव-भुरताना ब्लॉक-बवानी खेड़ा में ड्रेनेज नालों का निर्माण, स्कीम-डीएमएफ। | 06.01.2026 13.01.2026 | 99.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज भिवानी | गांव राजगढ़ ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी में व्यायामशाला से दोबा तालाब और आर्य स्कूल से ढाणी गुजरान तक टो वॉल और आईपीबी सहित पथ की पेवमेंट, स्कीम खेत खलिहान, सी.एम. कोड 24219. | 06.01.2026 16.01.2026 | 134.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 162900/आर जेएलएन फीडर पर हैड रेगुलेटर की मरम्मत और रखरखाव (ऐस्केप रोहतक लिंक ड्रेन) + 1 कार्य। | 06.01.2026 13.01.2026 | 3.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/240/41840/I/88/6 दि. 07.01.26




## गुरुग्राम में मृत अपराधी की अवैध प्रॉपर्टी पर चलाया बुलडोजर

# पाप का 'महल' जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

- एचएसआईआईडीसी की सरकारी जमीन पर 400 गज में अवैध रूप से बना था मकान
- कुशलपाल पर कई केस थे दर्ज, जेल भी जा चुका था



गुरुग्राम में बुलडोजर एक बार फिर चर्चा में है। कुख्यात अपराधी कुशलपाल के परिवार के अवैध ठिकाने पर बुधवार को पीला पंजा चला। परिवार ने थाना बादशाहपुर क्षेत्र के सेक्टर-35 में हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम यानी एचएसआईआईडीसी की सरकारी जमीन पर 400 गज में अवैध रूप से निर्माण किया हुआ था। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में निर्माण को हटाया गया। हालांकि करीब 2 महीने पहले बीमारी के कारण कुशलपाल की मौत हो चुकी है, लेकिन प्रशासन ने यह कार्रवाई कर बदमाशों को कड़ा संदेश दिया है। बता दें कि कुशलपाल गांव बेगमपुर खटोला जिला गुरुग्राम का स्थाई निवासी था। इस पर लड़ाई-झगड़ा, भय उत्पन्न करने , हत्या करने, अवैध मादक पदार्थ बेचने तथा अवैध हथियार रखने जैसे 21 गंभीर अपराध हरियाणा व राजस्थान में दर्ज थे। वह कई बार जेल में रह चुका था। आरोपी ने सेक्टर-35 में सरकारी जमीन पर कब्जा करके लगभग 400 गज में मकान बना रखा था।

### कार्रवाई जारी रहेगी

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे खास अभियान का हिस्सा है। कुशपाल पर एक दर्जन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। पिछले महीनों में भी कई गैंगस्टरों की प्रॉपर्टी तोड़ी गई थी। यह अभियान अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जारी रहेगा।

## एग्रीस्टैक आईडी में लापरवाही पर 87 को कारण बताओ नोटिस

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए शुरू की एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनाने के कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आने पर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कड़ा रुख अपनाया और पंचायत विभाग के 67 ग्राम सचिव, राजस्व विभाग के 14 पटवारी एवं कृषि विभाग के 6 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा न करने और बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्य संतोषजनक नहीं होने के चलते की गई है। उपायुक्त ने बताया कि एग्री स्टैक आईडी किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है।

## फर्जी मार्कशीट पर चुनाव लड़ने का आरोपी सरपंच गिरफ्तार

- कुरुक्षेत्र के खरींडवा गांव का केस, सीबीएसई की 10वीं की फर्जी मार्कशीट लगाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में 10वीं की फर्जी मार्कशीट पर चुनाव लड़ने के आरोपी सरपंच को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सरपंच ने खुद को बचाने के सेशन कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कोशिश की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसके केस को डिसमिस कर दिया। शाहाबाद के खरींडवा गांव के पवन कुमार ने साल 2022 में अपने गांव से सरपंची का चुनाव लड़ा था। उसने नामांकन पत्र में सीबीएसई की 10वीं की मार्कशीट लगाई थी। वह 300 वोट से जीता था। चुनाव हारने वाले संजीव कुमार ने नवंबर 2022 में उपायुक्त को सरपंच पवन कुमार पर 10वीं क्लास की फर्जी मार्कशीट बनवाने, चुनाव में झूठा शपथपत्र देने और तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया था। जांच के बाद 27 दिसंबर 2024 को तत्कालीन डीसी ने पवन को पद से तुरंत हटाने का ऑर्डर देकर सस्पेंड कर दिया। संजीव कुमार ने 30 दिसंबर 2024 को पवन कुमार के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी थी। थाना शाहाबाद के एसएचओ जगदीश टामक ने बताया कि कई दिनों से आरोपी पवन कुमार फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है।

## सिरसा में शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने ट्रेन से कटकर दी जान

**सिरसा।** जिले के कालांवाली क्षेत्र में एक शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने रेल से कटकर आत्महत्या कर ली है। मृतक व्यक्ति की पहचान खतरावां निवासी मनप्रीत के रूप में हुई और वह एक फैक्ट्री में काम करता था। मनप्रीत के तीन बच्चे हैं। जबकि महिला पक्का शहीदां गांव में शादीशुदा थी। उसके भी दो बच्चे हैं।कुछ समय से महिला मनप्रीत के सपंर्क में थी और उसी के साथ रह रही थी। पति से अभी उसका तलाक नहीं हुआ था। पुलिस के अनुसार दोनों मंगलवार रात को कालांवाली रेलवे स्टेशन के निकट पुल के पास पहुंचे और पौने तीन बजे बठिंडा से सिरसा की ओर आ रही रेलगाड़ी के नीचे आ गए।

## 40 हजार रिश्वत के आरोप में खरखौदा नपा पटवारी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- एक मकान को गिराने की दी थी धमकी, पीड़ित ने ऑडियो क्लिप भी सौंपी



सोनीपत जिले की खरखौदा नगर पालिका के पटवारी फूलकंवार को 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में रोहतक विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत 5 जनवरी को रोहतक विजिलेंस ने एक मुकदमा दर्ज किया था, जिसके अंतर्गत जांच करने के लिए विजिलेंस की टीम खरखौदा नगर पालिका कार्यालय में पहुंची और पटवारी फूलकंवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले की एक ऑडियो क्लिप भी टीम को मिली है। खरखौदा के गांव बरोणा के रहने वाले शीलकराम ने एसीबी को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उन्होंने खरखौदा के सांपला रोहतक बाईपास पर 280 गज का मकान बनाया हुआ है। इसमें दो कमरे हैं। पटवारी फूल कंवार ने धमकी दी थी कि उसे गिरा दिया जाएगा। इसके एवज में उसने 40 हजार की रिश्वत मांगी।

## फर्जी कागज से गाड़ियां बेचने वालों का खुलासा

**पलवल।** होडल थाना क्षेत्र में वाहनों की चोरी कर फर्जी दस्तावेज से अन्य राज्यों में बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। होडल रामलीला मैदान निवासी राम गोपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी स्विफ्ट कार फाइनेंस पर थी। इसे कोट गांव निवासी सुभन उर्फ सुबेदीन को किराए पर दिया था। सुबेदीन ने राम गोपाल के फर्जी हस्ताक्षर कर एनओसी तैयार कराई और कार को जम्मू-कश्मीर में ट्रांसफर का प्रयास किया। मैसेज फोन पर आने पर धोखाधड़ी का पता चला। राम गोपाल ने आरोप लगाया कि सुबेदीन, घासेड़ा का सलीम, इंदाना का शाहरुख और साहिद आदि लोग इस गिरोह में जुड़े हैं।

## कांग्रेस जिला अध्यक्षों का कुरुक्षेत्र में होगा प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने और जिला अध्यक्षों को अधिक सक्रिय करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र में 13 जनवरी से लेकर 22 तक उतराखंड और हरियाणा के जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि एससी, बीसी और गरीब लोगों को लाभ देने के स्थान पर भाजपा की सरकार मनरेगा स्कीम को खत्म करने की साजिश रच रही है। अशोक अरोड़ा ने आगे कहा कि गत 11 साल के दौरान हरियाणा पर लगातार कर्ज चढ़ रहा है। पंजाब जैसे हालात हरियाणा में पैदा हो गए हैं।

## मंदिर से लौट रही महिला पर केमिकल फेंका

**अंबाला।** अंबाला छावनी के तोपखाना परेड में मंदिर से माथा टेककर लौट रही 33 वर्षीय रोशनी पर बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने केमिकल फेंक दिया। महिला के कपड़ों से धुआं निकलने लगा। शरीर में तेज जलन शुरू हो गई। शोर मचाते ही हमलावर मौके से भाग गए। पुलिस ने युवकों के खिलाफ जान से मारने की नीयत और कुरूप करने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। रोशनी ने बताया कि वह शाम करीब साढ़े छह बजे खाटू श्याम मंदिर गई थी। रात करीब साढ़े सात बजे जब वह मंदिर से बाहर निकलकर कुछ दूर पहुंची, तभी पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए और प्लास्टिक के डिब्बे में भरा केमिकल फेंक दिया। आरोपी मौके से भाग गए। पीड़िता के दो छोटे बच्चे हैं और उसका पति मजदूरी करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिरसा डेरे की प्रेरणा से पेश की मिसाल

# 65 वर्षीय राजबाला की मरणोपरांत आंखें और शरीर किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


अंतिम विदाई देते परिजन व अन्य।

इस्माईलाबाद स्थित सैनी मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय राज बाला इन्सां की मृत्यु के बाद उनकी आंखें व शरीर का दान किया गया। राज बाला इन्सां की आंखें अर्पणा आई बैंक में दान की गई हैं व शरीर संस्कारम यूनिवर्सिटी झज्जर भेजा गया। मंगलवार देर सायं जब राज बाला इन्सां के शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल यूनिवर्सिटी ले जाया जा रहा था तो राज बाला इन्सां अमर के नारों से पूरा मोहल्ला गूंज गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों के अलावा रिश्तेदार व परिजन मौजूद थे। उनके सुपुत्र व जनसुई गांव में लेक्चरर राकेश कुमार ने बताया कि उनकी माता ने मरने से पहले ही डेरा सच्चा सौदा में शरीर दान व नेत्र दान का फार्म भरकर प्रण किया था। राजा बाला के परिवार में पति नहरी पटवारी से सेवानिवृत्त गुलाब चंद, पुत्र राकेश कुमार, पुत्रियां ममता, सविता व रजनी, पुत्रवधू सुनीता, पौत्र आशीष सैनी, पौत्रियां सिरमण सैनी व परी सैनी हैं।



### इतिहास के दस्तावेज सामने रखकर भाजपा ने फिर किया दावा


# नेहरू को थी सोमनाथ से सर्वाधिक नफरत पवित्र नदी के जल से अभिषेक को रोका था

## नेहरू ने विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया।

**भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु ने कांग्रेस की आलोचना की, सुनाई खरी-खरी**



### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूरी तरह से किया था विरोध


सुधांशु त्रिवेदी


पंडित नेहरू

त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पत्र लिखकर मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए थे और उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल न होने की सलाह दी थी।

#### मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई

त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर सभी मुख्यमंत्रियों को 2 बार पत्र लिख शिकायत की थी कि मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री आरआर दिवाकर को पत्र लिखा।

#### अंधी तुष्टिकरण की राजनीति की और मुगल आक्रांताओं का किया महिमामंडन

भाजपा नेता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह अंधी तुष्टिकरण की राजनीति और मुग़ल आक्रांताओं का महिमामंडन नहीं था तो और क्या था? नेहरू चाहते ही नहीं थे कि सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हो।

# बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने में 5 पुलिसकर्मी घायल, 10 लोग हिरासत में

### दिल्ली में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने पर भड़की हिंसा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान ने हिंसक रूप ले लिया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत देर रात यह कार्रवाई शुरू की थी। स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। विरोध कर रहे लोगों की भीड़ ने पुलिस और एमसीडी की टीम पर पथराव कर दिया। इस हिंसक घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पथरावमें 5 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और उपद्रवियों की पहचान का काम तेजी से जारी है। प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई उपद्रवियों को हिरासत में भी लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। एफआईआर फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ है, हालांकि पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों की पहचान कर ली है।

### कांग्रेस ने भी 12 पार्षद किए निलंबित

## निकाय चुनाव : अंबरनाथ में भाजपा कांग्रेस गठबंधन कुछ घंटों में टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की अंबरनाथ और अकोट नगर पालिका चुनाव के रिजल्ट के बाद बुधवार को अप्रत्याशित गठबंधन देखने को मिले। अंबरनाथ नगर पालिका में भाजपा ने कांग्रेस-एनसीपी से हाथ मिलाया। वहीं, अकोला जिले के अकोट नगर परिषद में पार्टी ने असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ गठबंधन किया। हालांकि ये गठबंधन कुछ ही घंटों में टूट गया। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को इन गठबंधन को खारिज कर दिया। उन्होंने पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। कांग्रेस ने भी अंबरनाथ के 12 पार्षदों को पार्टी से सस्पेंड कर दिया। अंबरनाथ नगर परिषद में 60 वार्ड हैं। बहुमत के लिए 31 उम्मीदवार चाहिए थे। चुनाव परिणाम आने के बाद शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन इसके बावजूद वह सत्ता से बाहर रह गई।

- **अकोट नगर परिषद में पार्टी ने ओवैसी की एआईएमएआई के साथ गठबंधन**

### साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताया

## बाबाओं को भी चाहिए गनर अब तक 90 को मिली सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माघ मेले में प्रवास कर रहे करीब 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताते हुए मेला पुलिस से सुरक्षा मांगी है। पुलिस के अनुसार आवेदनों में कारणों का सत्यापन गोपनीय तरीके से कराया जा रहा है। यह जिम्मेदारी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को दी गई है। इकाई यह जांच कर रही है कि किन साधु-संतों को वास्तव में जान का खतरा है। एलआईयू की रिपोर्ट के आधार पर अब तक करीब 90 साधु-संतों को सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है, जबकि शेष आवेदनों पर रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, मेला क्षेत्र में लगे 65 से अधिक शिविरों की सामान्य सुरक्षा के लिए पहले से ही होमगार्ड की तैनाती की गई है।



#### क्षेत्र की सुरक्षा में कई पुलिस टीमें लगाई गईं

7 अपर पुलिस अधीक्षक, 14 सीओ, 29 इंस्पेक्टर, 221 दरोगा, 15 महिला दरोगा, 1593 सिपाही, 136 महिला सिपाही, पीएसी की 5 बाढ़ राहत कंपनियां, 7 कानून-व्यवस्था के लिए पीएसी कंपनियां, 2 एनडीआरएफ टीमें, 1 एसडीआरएफ, 2 आरएएफ कंपनियां, संपूर्ण मेला अवधि के लिए 4 आरएएफ कंपनियां, 6 बीडीडीएस टीमें, 2 एटीएस हैं।

### ट्रंप के एक फोन से शीर्ष नेतृत्व झुक गया, फर्क समझो, सर जी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। रहुलने पिछले साल जून में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' से संबंधित एक कार्यक्रम में दिए गए अपने भाषण का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ट्रंप के एक फोन से केंद्रीय नेतृत्व उनके सामने झुक गया। उस भाषण में राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि कांग्रेस तथा उसके नेताओं ने महाशक्तियों के सामने कभी 'सरेंडर' नहीं किया, लेकिन थोड़े से दबाव के आगे झुक जाना ही भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल स्वभाव है। कांग्रेस नेता ने इस भाषण से जुड़ा वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, 'फर्क समझो, सर जी।



### एयर इंडिया और स्पाइसजेट समेत कंपनियों से मांगा किराए का ब्यौरा


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिगो के खिलाफ चल रही जांच के बीच भारत सरकार ने इंडिगो, एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा से औसत किराए का डेटा देने को कहा है, क्योंकि एंटीट्रस्ट अथॉरिटी दिसंबर में हुई यात्रा रुकावटों की जांच कर रही हैं। इंडिगो में पायलटों की कमी के चलते पिछले महीने लगभग 4,500 उड़ानें रद्द हुई, जिससे हजारों यात्री फंस गए और देश भर में हवाई यात्रा बाधित हुई। इस संकट के दौरान कुछ एयरलाइंस के किराए में भारी बढ़ोतरी हुई, जिसके कारण सरकार को अस्थायी सीमाएं (किराए में लिमिट) लगानी पड़ीं। भारत के कॉम्पिटिशन रेगुलेटर, सीसीआई ने दिसंबर में कहा था कि वह इंडिगो के खिलाफ यह जांच कर रहा है कि क्या उसने अपनी मार्केट पोजीशन का गलत इस्तेमाल किया है।

### जेएनयू में नारेबाजी, फडणवीस भड़के

## शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को हम कुचल देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली स्थित जवावहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में लगे विवादास्पद नारों पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि जेएनयू में पैदा हुईं शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को कुचल दिया जाएगा। यह जेएनयू में विरोध प्रदर्शन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर आई है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कार्यकर्ताओं उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान 53 लोग मारे गए। 700 घायल हो गए। खालिद और इमाम को जमानत देने से इनकार किए जाने के विरोध में जेएनयू में हुए प्रदर्शन ने विवाद को जन्म दिया, जहां कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। जेएनयू में नारों के संबंध में एक सवाल के जवाब में फडणवीस ने कहा, 'हम जेएनयू में पैदा शरजील इमाम की इन औलादों के इरादों को कुचल देंगे। हम ऐसे इरादों को कुचल देंगे।





## चिंतन

# वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों

हिंदू छात्रों के विरोध और शिकायतों के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले बैच में 50 छात्रों में 42 मुस्लिम समुदाय से थे, जबकि हिंदू छात्रों की संख्या सिर्फ 7 और 1 सिख छात्र शामिल थे। इसको लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध किया और आरोप लगाया कि कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। हिंदू संगठनों का कहना था कि चूंकि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी के भक्तों के चढ़ावे से संचालित होता है, इसलिए श्राइन बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कॉलेज श्राइन बोर्ड की जमीन पर ही बना है और ज्यादातर फंडिंग हिंदू भक्तों के चढ़ावे से आती है। हिंदू तीर्थयात्रियों की आस्था से जुड़े पैसे का इसमें इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन सीटें ज्यादातर एक खास समुदाय को मिल गईं। ये हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है और भेदभाव जैसा लगता है। सवाल उठता है कि हिंदू धर्म के संगठनों के पैसे का इस तरह उपयोग कितना जायज है। बता दें कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम आबादी 68.3%, हिंदू 28.44%, सिख 1.87%, बौद्ध 0.90% और ईसाई 0.28% है। इस तरह देखा जाए जो हिंदू यहां अल्पसंख्यक हैं, लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी 50 में सिर्फ 7 सीटें हिंदू छात्रों को मिलना कहां का न्याय है। हालांकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मान्यता रद्द करने के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी, मरीजों की कम संख्या और न्यूनतम मानकों के गंभीर उल्लंघन शामिल है। अब मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति, जिसमें 60 सामाजिक और दक्षिणपंथी संगठन शामिल हैं, ने पहले दाखिला सूची रद्द करने की मांग की थी। जब यह संभव नहीं हुआ, तो उन्होंने कॉलेज बंद करने पर जोर दिया। समिति का तर्क था कि माता वैष्णो देवी श्राइन के चढ़ावे से मिलने वाले लाभ मुख्य रूप से हिंदुओं को ही मिलने चाहिए। मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में 5 दिसंबर और 19 दिसंबर, 2024 को एक पब्लिक नोटिस के तहत नया एमबीबीएस प्रोग्राम शुरू करने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद संस्थान को 2025-26 एकेडमिक सत्र के लिए 50 एमबीबीएस छात्रों को एडमिशन देने की मंजूरी मिली थी और इसी के बाद मुस्लिम छात्रों के एडमिशन को लेकर विवाद शुरू हो गया था। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था और उपराज्यपाल से एडमिशन रिव्यू की मांग की थी। हिन्दू संगठन ने कहा था कि कॉलेज को हिंदू माइनॉरिटी स्टेटस मिले या नई मेरिट से दाखिले हों। हालांकि कॉलेज के अधिकारियों और राज्य के मुख्यमंत्री सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दाखिला पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुआ है। धर्म से इसका कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन विरोध करने वाले इसे आस्था और फंडिंग के दुरुपयोग का मामला मानते रहे। यही वजह थी कि महीनों तक ये विवाद गरमाया रहा और अब इस कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई। अब कॉलेज के छात्रों को जम्मू-कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। समायोजन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# ट्रंप की बेलगामी और यूएन की लाचारी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी का घटनाक्रम आजकल चर्चा में है। वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया। रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी ने महाकवि तुलसीदास की इस कहावत 'समरथ को नहीं दोष गुसाईं' को चरितार्थ कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप चाहे जिन कुतर्कों को तर्क बताकर अपने हठ को सच बताते रहें, वास्तविकता यही है कि इस कार्यवाही को किसी भी कानून के परिप्रेक्ष्य में तर्कसम्मत नहीं ठहराया जा सकता है? वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया।

रूस ने भी आपात्ति जताई है, लेकिन बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कोई भी कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए। गुटेरस ने कहा कि यह इस कार्यवाही में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों का पालन नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, किंतु इसकी अनदेखी की गई। वेनेजुएला के प्रतिनिधि ने अमेरिका द्वारा किए इस हमले को अपने देश के प्राकृतिक संसाधनों और तेल को प्राप्त करना बताया। ऐसी ही रूस, चीन, मैक्सिको, क्यूबा और कई देशों ने अमेरिका की कड़ी आलोचना की, किंतु अमेरिका के मित्र देश उसके साथ खड़े दिखाई दिए हैं। दुनिया के तेल भंडार का 18.17 प्रतिशत तेल अर्थात 303 अरब बैरल तेल और दुर्लभ खनिज के भंडार वेनेजुएला की धरती में समाए हुए हैं, किंतु उसके पास कच्चे तेल को शोधन करने के तकनीकि संसाधन नहीं हैं। इसलिए इस तेल को ईंधन में नहीं बदल पा रहा है। इस तेल को शोधन के लिए जब मादुरो ने चीन से तेल और रूस से हथियार खरीदने की नीति को अंजाम दिया तो ट्रंप की नाराजगी बढ़ गई और मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया का अपहरण कर लिया। इस अपहरण की घटनाक्रम को लेकर मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा है कि इतिहास बताएगा कि हमारे भीतर के लोगों ने किस तरह से गद्दारी करते यह राष्ट्रघात किया? मीडिया द्वारा ऐसी जानकारियां सामने लाई गई हैं कि वेनेजुएला सरकार में काम कर रहे लोगों ने ही उपहारों के लालच में आकर अमेरिकी सेना को राष्ट्रपति मादुरो के आवास तक पहुंचाने में मदद की है। हालांकि अमेरिका ने वेनेजुएला पर अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने का हवाला देकर इस सैन्य कार्यवाही को जायज ठहराया है। मादुरो को अमेरिकी कानून केर-फ्रिस्बी के तहत पकड़ा गया है। यह कानून अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद-2 के तहत राष्ट्रपति को गैर-कानूनी तरीकों से ऐसे लोगों और भगोड़ों को पकड़ने की अनुमति देता है, जो अमेरिका को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हों। इसमें प्रावधान है कि गिरफ्तारी का तरीका कितना भी गैर-कानूनी हो, एक बार अमेरिका में लाने के बाद अमेरिकी अदालत में मामला चलाया जा सकता है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। मादुरो पर मादक पदार्थ तस्करी के आपराधिक मामले अमेरिका में दर्ज हैं। इनमें कम से कम 20 साल



की सजा से लेकर आजीवन कारावास हो सकता है। अमेरिका ऐसा दुस्साहस 1990 में पनामा के तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार करके दिखा चुका है। इन्हें अमेरिकी अदालत ने 40 साल की सजा सुनाई थी, किंतु 2011 में रिहा कर दिया गया था। यदि मादुरो को सजा सुनाई जाती है तो ट्रंप के राष्ट्रपति नहीं रहने के बाद कोई दूसरा राष्ट्रपति मादुरो को क्षमादान दे सकता है। खुद ट्रंप होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडेज को 2025 में माफी दे चुके हैं। अमेरिका कभी मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी का बहाना ढूंढकर अपने शत्रु राष्ट्रों के मुखियाओं को सबक सिखाता रहा है। 2003 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश सरकार ने इराक पर जैविक और रासायनिक हथियार होने का दावा कर ईराक को नेस्तनाबूद कर दिया था। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी अपदस्थ कर दिया था। इन हस्तक्षेपों के चलते आज भी इन देशों में गृहयुद्ध एवं अस्थिरता के हालात बने हुए हैं। यही हश्र अब वेनेजुएला का होना निश्चित है। अमेरिका के सरकारी शोध संस्थान कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार 1798 से लेकर अब तक अमेरिका 469 सैन्य हस्तक्षेप दुनिया में इसलिए कर चुका है, जिससे उसे महाशक्ति माना जाता रहे। दुनिया में लगातार ऐसे हालातों की निर्मिति सामने आने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति लाचार बनी हुई है। उस पर निरंतर प्रश्न-चिन्ह उठ रहे हैं। अतएव यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में महत्वहीन होती चली जाएगी और फिर इसके सदस्य देशों को इसकी जरूरत ही नहीं रह जाएगी। भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से बाहर रखते हुए इस संस्था ने जता दिया है कि वहां चंद अलोकतांत्रिक या तानाशाह की भूमिका में आ चुके देशों की ही तूती बोलती है।

इसकी निष्पक्षता भी संदिग्ध है, इसीलिए वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र ताकतवर देशों की मनमानी रोकने, शांति स्थापित करने और आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। भारत का ऑपरेशन सिंदूर समेत तीन बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल एवं फिलिस्तीन के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गया है। अनेक इस्लामिक देश गृह-कलह से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, यूनिसेफ और शांति सेना जैसे संगठन काम करते हैं। चंद देशों की ताकत के आगे ये संगठन नतमस्तक होते दिखाई देते हैं, इसीलिए शांति सेना की विश्व में बढ़ते सैनिक संघर्षों के बीच कोई निर्णायक भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक संगठन जी-20, जी-8, आसियान और ओपेक जैसे संगठन विभाजित दुनिया के क्रम में लाचारी का अनुभव कर रहे हैं। अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों द्वारा इन्हें दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दिए जाने के कारण भी इनका भविष्य संकट में है। इन सब खतरों के चलते इस वैश्विक मंच की विश्वसनीयता संकट में है, लिहाजा इसमें पर्याप्त सुधारों की तत्काल जरूरत तो है ही, वेनेजुएला के परिप्रेक्ष्य में कुछ ऐसा करना जरूरी है, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के प्रति सदस्य देशों में विश्वास पैदा करे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

डॉ. मोनिका शर्मा



# स्त्री चेतना का मुखर स्वर बनीं कथाकार आशापूर्णा देवी

साहित्य समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्य, सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का पुख्ता धरातल भी बनाता है। स्त्री जीवन से जुड़े यथार्थ को उकेरने वाले कथानक परिवेशगत परिवर्तन के इस पक्ष पर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। महिलाओं के सशक्त व्यक्तित्व, संघर्षशील विचार और व्यावहारिक जीवन से जुड़ी उलझनों को सहजता से शब्दों में ढालने वाली बांग्ला कथाकार व कवयित्री आशापूर्णा देवी ने नारी जीवन से जुड़ी इन्हीं मार्मिक बातों-हालातों को अपनी साहित्यिक यात्रा का हिस्सा बनाया। प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली देश की इस पहली महिला साहित्यकार ने अपनी रचनाओं में पारिवारिक जीवन की समस्याओं से लेकर सामाजिक परिवेश की कुंठा, स्वार्थ, दमनकारी सोच और स्त्रीमन के संवेदनात्मक पहलुओं तक का अत्यंत पैनेपन के साथ चित्रण किया है।असल में उनका रचनाकर्म बिना लाग-लपेट के महिलाओं के उत्पीड़न और समाज एवं परिवार की कटु हकीकत से मिलवाने वाली रूपरेखा लिए है। यही वजह है कि बेबाकी से कलम चलाने वाली आशापूर्णा देवी का उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान सदैव स्मरणीय है। अपनों के बीच भी उनके महिला चरित्रों की असहजता, अधिकारों की लड़ाई और संघर्षपूर्ण दिनों में मुखर भूमिका निभाने से जुड़ी सृजनशीलता ने कई पुरस्कार भी उनकी झोली में डाले। उनकी कृति 'प्रथम प्रतिश्रुति' के लिए 1976 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म श्री से भी



नवाजा गया।ध्यातव्य है कि दूरदर्शन पर 'प्रथम प्रतिश्रुति' नामक टीवी कार्यक्रम भी प्रसारित हुआ था। विश्वभारती विश्वविद्यालय ने 1989 में उनको 'देशिकोत्तम से सम्मानित किया था। साथ ही 1994 में साहित्य अकादमी द्वारा भी आशापूर्णा देवी को साहित्य अकादमी फेलोशिप के रूप में अपना सर्वोच्च सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि उनके रचना संसार में लगभग 225 कृतियां शामिल हैं। प्रथम प्रतिश्रुति के बाद उनके दो अन्य उपन्यास, 'सुवर्णलता' और 'बकुल कथा' भी बहुत अधिक चर्चित रहे हैं। तीन पीढ़ियों की कहानी कहती इस त्रयी 'प्रथम प्रतिश्रुति, सुवर्णलता और बकुल कथा के माध्यम में उन्होंने बांग्ला साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। इतना ही नहीं, उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, असमिया, कन्नड़, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी और संस्कृत जैसी कई अन्य भारतीय भाषाओं भी हुआ है। साथ ही अंग्रेज़ी सहित बहुत सी विदेशी भाषाओं में भी उनकी कृतियों का अनुवाद किया गया है। 8 जनवरी 1909 को उत्तरी कलकत्ता में जन्मी आशापूर्णा देवी को उनकी सात दशक से अधिक की साहित्यिक यात्रा में सामाजिक समानता और घर-परिवार में बुनियादी बदलाव लाने वाले स्त्री चेतना के स्वर को बल देने वाली रचनाकार माना जाता है। समझना आवश्यक है कि आशापूर्णा देवी के रचना संसार के स्त्री चरित्र ही नहीं उनका व्यक्तिगत संघर्ष भी आम स्त्रियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके अथक संघर्ष और अनवरत सृजन की यात्रा महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन रण में डटे रहने की सीख देते हैं।

गौरतलब है कि उस दौर के एक रूढ़िवादी बंगाली परिवार में जन्मी आशापूर्णा देवी की कोई औपचारिक शिक्षा भी नहीं हुई। विवाह के बाद अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने साहित्य साधना की। दूरदर्शन को दिए गए एक साक्षात्कार में आशापूर्णा देवी ने कहा था कि 'मेरे लिए गृहस्थी मेरी धरती है और साहित्य सृजन मन का आकाश। मेरी दृष्टि आकाश पर लगी रही जबकि पैर धरती पर रहे। मैंने कभी गृहस्थी और साहित्य को एक-दूसरे का पूरक या प्रतिस्पर्धी नहीं माना। मेरे लिए दोनों मेरे लिए समानांतर रहे।' इसी संतुलित सोच के साथ जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनकी कलम ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से स्त्रीमन की घुटन को पन्नों पर उतारा। पारिवारिक ढांचे में मौजूद पीढ़ियों के टकराव और महिलाओं के आत्मसम्मान की लड़ाई को अपने लेखन में जगह दी। समाज और परिवार की वास्तविक स्थितियों को उकेरने में उन्हें सिद्धहस्त माना जाता है। यही वजह है कि साधारण जीवन जीते हुए असाधारण कृतियाँ लिखने वाली यह रचनाकार आज भी भारतीय स्त्रियों की पथ-प्रदर्शक सी लगती हैं। उनकी रचनाएँ न केवल तत्कालीन समाज की रूढ़िवादी सोच और वर्जनाओं को सामने लाती ही हैं बल्कि स्त्रियों को संघर्ष कर मुक्ति पाने का मार्ग भी दिखाती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अच्छा काम करना है तो आलस छोड़ दें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।


# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया- राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है... गुरूजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाएं

महात्मा गांधी का कथन है कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की रीढ़ के समान हैं, जो कि दर्शाता है कि किसी भी लोकतंत्र में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए इन संस्थाओं में चुनकर आने वाले जनप्रतिनिधियों में योग्यता, अनुभव, लक्ष्य तथा जनहित में शुरू की गई सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने की कार्यकुशलता जैसे गुणों का होना अति अनिवार्य है। प्राचीन काल में पंच परमेश्वर व्यवस्था से वर्तमान की हाईटेक पंचायती राज व्यवस्था तक का सफर कर चुकी ये संस्थाएं आज के समय में उतनी प्रभावी नहीं बन पाई है जितना इनको होना चाहिए था। हालांकि इन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की तरफ से प्रयास जारी हैं, जिन्हें तीव्र गति देने की जरूरत है। - *मदन अग्रवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# सीआईए के पूर्व एजेंट एमेस की जेल में मृत्यु

अमेरिका की खुफिया जानकारियां सोवियत संघ को बेचने वाले सीआईए के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मृत्यु हो गई। कारागार ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि एमेस की मृत्यु सोमवार को हुई। लगभग 31 साल तक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए में काम करने वाले एमेस ने स्वीकार किया था कि उन्हें 1985 से 1994 तक अमेरिकी खुफिया जानकारी बेचने के लिए मॉस्को से 25 लाख डॉलर मिले थे। उन्होंने 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय अधिकारी की पहचान बताई थी, जो अमेरिका या ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने उपग्रह के जरिये जासूसी से जुड़े अभियानों, गोपनीय बातचीत और जासूसी के सामान्य तरीकों की जानकारी भी दी थी। सोवियत संघ को जानकारी साझा करने से पश्चिमी देशों के कई खुफिया एजेंट की मौत हुई थी और यह शीत युद्ध के दौरान सीआईए के लिए बड़ा झटका था। उन्होंने जासूसी और कर चोरी के आरोप स्वीकार किए थे, जिसके बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक अमेरिका से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारियां छिपाए रखीं।



## ऑफ बीट

# नई शुरुआत का उत्साह जल्दी पड़ जाता है फीका

हर जनवरी के साथ कार्यालयों में नयी शुरुआत का माहौल बनता है। नयी डायरी, नयी नोटबुक और व्यवस्थित कार्य सूची (टू-डू लिस्ट) के साथ यह उम्मीद रहती है कि इस साल सब कुछ अलग होगा। लेकिन फरवरी आते-आते वही योजनाएं अधूरी रह जाती हैं और शुरुआती उत्साह कम हो जाता है। आमतौर पर इसे अनुशासन या इच्छाशक्ति की कमी माना जाता है, लेकिन मनोविज्ञान इसके पीछे एक अलग ही तस्वीर पेश करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नयी शुरुआत हमें काम शुरू करने में तो मदद करती है, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने में नहीं। नई शुरुआत क्यों लगती है प्रभावशाली- मनोवैज्ञानिक नयक साल को 'टेम्पोरल लैंडमार्क' मानते हैं, जो हमारे पुराने और नये रूप के बीच एक सीमा रेखा खींच देता है। 'टेम्पोरल लैंडमार्क' समय में आने वाले वे खास पल या घटनाएं होती हैं जो हमें अपने जीवन में ''नये सिरे से शुरुआत'' करने का अहसास दिलाती हैं। शोध के मुताबिक, ऐसे पड़ाव 'फ्रेश स्टार्ट इफेक्ट' पैदा करते हैं, जिससे लोग बड़े और आदर्श लक्ष्य तय करने के लिए खुद को अधिक प्रेरित महसूस करते हैं।



## ट्रेंड

### जैव-बिटुमेन का उत्पादन



आज भारत के सड़क अवसंरचना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है, क्योंकि हमारा देश व्यावसायिक रूप से जैव-बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। सीएसआईआर और उसके समर्पित वैज्ञानिकों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।
**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### युवाओं की भूमिका



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज भोपाल निवास पर युवाओं से "विकसित भारत यंग लीडर संवाद" कार्यक्रम में बात की। आप अपने ऊर्जावान विचार व संकल्प से देश को नई दिशा दें और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएं।
**-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### शो-पीस बना खेल केंद्र



यह बेहद दुखद है कि जोधपुर में हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया गया प्रदेश का इकलौता स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट एवं हाई-परफॉर्मेंस खेल केंद्र आज एक शो-पीस बन कर रह गया है। खिलाड़ी इस संस्थान के लिए आवाज उठाएं।
**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विपक्ष में छटपटाहट



मनरेगा योजनाओं में जो लूट मची हुई थी, उसे वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से बंद कर दिया गया है। इस वजह से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में छटपटाहट मची हुई है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# सूर्यवंशी-जॉर्ज के शतक, भारत ने सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप की




**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका) (भाषा)।** वैभव सूर्यवंशी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सैकड़ा जड़ा जबकि आरोन जॉर्ज ने भी शतकीय पारी खेली जिससे भारत की अंडर-19 टीम ने तीसरे युवा वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 233 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज क्लीन स्वीप कर ली। कप्तान सूर्यवंशी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद एक बार फिर छक्कों की बरसात करते हुए 74 गेंद में 127 रन बनाए जिसमें 10 छक्के और नौ चौके शामिल थे। बिहार के इस 14 साल के खिलाड़ी ने पिछले मैच में 24 गेंद में 68 रन की पारी खेली थी। सूर्यवंशी को जॉर्ज का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 106 गेंद में 118 रन बनाए। इस तरह दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 227 रन की भागीदारी निभाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस तरह भारत ने सात विकेट पर 393 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो दक्षिण अफ्रीका के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ और टीम 35 ओवर में 160 रन पर ऑल आउट हो गई। मेजबान टीम के लिए नटांडो सोनी (61 रन देकर तीन विकेट) और जेसन रोल्स (59 रन देकर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट लिए। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने चौथे ओवर में 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। किशन सिंह ने अपनी गेंदों से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम में जोरिच वैन शाल्कविक (01), अदनान लागडियन (09) और लेथाबो (शून्य) को आउट कर दिया। उन्नीस साल के किशन सिंह ने दूसरे मैच में भी चार विकेट लिए थे और एक बार फिर सबसे सफल गेंदबाज रहे। डैनियल बोसमैन (40) और रोल्स (19) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। इससे दक्षिण अफ्रीका 23वें ओवर में 99 रन पर छह विकेट गंवा बैठी। पॉल जेम्स (41) और कॉर्नें बोथा (नाबाद 36 रन) ने सिर्फ हार को टाला।

## अंडर-19 वनडे : सूर्यवंशी ने 127 और जॉर्ज ने 118 रन की शानदार पारी खेली, द. अफ्रीका को 233 रन से हराया



### वैभव छह अलग-अलग देशों में लगा चुके शतक

वैभव सूर्यवंशी लगातार एक के बाद अपने बल्ले से बेहतरीन पारियां खेल रहे हैं और सुर्खियां बटोर रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे यूथ वनडे में उन्होंने 74 गेंद पर 127 रन बनाए। इसी के साथ वैभव ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर अपना पहला शतक लगाया। इससे पहले वैभव भारत समेत पांच अलग-अलग देशों में शतक लगा चुके थे। सूर्यवंशी ने अब भारत के अलावा पांच देशों में शतक लगाने का मुकाम हासिल कर लिया है। हाल ही में यूएई में अंडर 19 एशिया कप में बेहतरीन शतकीय पारी खेली थी और 171 रन यूएई के खिलाफ ही बनाए थे। उससे पहले एशिया कप राइजिंग स्टार्स में कतर की सरजमीं पर उनका बेहतरीन शतक यूएई के खिलाफ आया था। उन्होंने इंग्लैंड में जाकर इंग्लैंड अंडर 19 और ऑस्ट्रेलिया जाकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ भी शतकीय पारियां खेली थीं। अब भारत, यूएई, कतर, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद साउथ अफ्रीका में वैभव का शतक आया है।

### पिछली 10 पारियों में तीसरा शतक

वैभव सूर्यवंशी लगातार बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछली 10 पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। इसमें टी20 और लिस्ट ए दोनों के आंकड़े हैं। वैभव ने पिछले 10 मैचों की 10 पारियों में 688 रन बनाए हैं। 190, 171 और 127 रन की उन्होंने तीन शतकीय पारियां खेली हैं। वैभव ने भारत के घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था।

## खबर संक्षेप

### हार मेरे लिए निर्णायक मोड़ : नीतू घणघस

**ग्रेटर नोएडा।** पिछले साल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिली अप्रत्याशित हार नीतू घणघस के लिए एक बड़ा झटका थी लेकिन इससे उनके



कॅरियर की दिशा बदल गई और उन्होंने निकहत जरीन के वर्चस्व वाले 51 किलोग्राम भार वर्ग में खेलने का फैसला किया ताकि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने का अपना सपना साकार कर सके। गैर ओलंपिक वर्ग 48 किलोग्राम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू को पिछले साल की महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में मीनाक्षी हुड्डा ने हराया था।

### धावक जॉनसन ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने संन्यास की



घोषणा करते हुए कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय एथलीट ने कहा कि उनका सफर 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है।

## एशेज अंतिम टेस्ट : इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बनाए 8 विकेट पर 302 रन

# बेथेल के 142 रनों से इंग्लैंड ने टाली पारी की हार, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जैकब बेथेल ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, जिससे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच पांचवें दिन तक खींचकर अपनी उम्मीद भी कायम रखी। 22 वर्षीय ऑलराउंडर बेथेल इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में क्रीज पर आए क्योंकि मिशेल स्टार्क ने पांचवीं गेंद पर जैक क्रॉली (01) को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 232 गेंद का सामना करके 142 रन बनाए हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 302 रन बनाए हैं। इस तरह से इंग्लैंड ने अभी तक 119 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे।



### हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध इंग्लैंड

पिच से चौथे दिन ही स्पिनरों को मदद मिल रही है जो इंग्लैंड के लिए सकारात्मक संकेत है क्योंकि उसकी टीम में तीन स्पिनर हैं। बेथेल ने बेन डकेट (42) के साथ 81 रन, जो रूट (06) के साथ 32, हैरी ब्रूक (42) के साथ 102 और जेमी स्मिथ (26) के साथ 45 रन की साझेदारियां की। ऑस्ट्रेलिया पहले तीन मैच जीत कर एशेज अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा लेकिन चौथे मैच में जीत दर्ज करने वाला इंग्लैंड श्रृंखला में हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यह उपलब्धि मेरे लिए खास : बेथेल

*बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह उपलब्धि मेरे लिए खास है। मेरा परिवार यहां आया हुआ है और ऐसे में शतक लगाना बेहद खास बन गया है।'' बेथेल ने एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद अपने धैर्य और कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर (51 रन देकर तीन विकेट) ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अप्रत्याशित स्टार के रूप में उभरे। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के साथ नहीं उतरा है। ऐसे में वेबस्टर ने अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से बल्लेबाजों को गच्चा दिया। इससे इंग्लैंड का खेमा थोड़ा खुश होगा क्योंकि उसके पास स्पिन विकल्पों के रूप में बेथेल, विल जैक्स और रूट मौजूद हैं। पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद को देखते हुए 170 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं होगा।*

### वेबस्टर ने लिए 3 गेंदों पर 2 विकेट

*वेबस्टर ने कहा, 'मुझे बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि चौथे दिन स्पिनरों को विकेट मिलेंगे। लेकिन हमारी टीम जीत हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।' वेबस्टर ने 52वें ओवर में तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। उन्होंने ब्रुक को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जैक्स (00) को भी पवेलियन भेजा। इससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 219 रन से पांच विकेट पर 219 रन हो गया। शाम के सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पहली ही गेंद पर जेमी स्मिथ रन आउट हो गए। उस समय बेथेल 123 रन पर थे और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 264 रन था, जब उसके चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर आए। वेबस्टर ने हालांकि स्टोक्स (01) को टर्निंग बॉल को कट करने के लिए ललचाया और स्टीव स्मिथ ने स्लिप में शानदार कैच लिया। स्कॉट बोलैंड ने ब्रायडन कार्स (16) को स्लिप में कैच आउट कराया।*

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# शीर्ष मुक्केबाजों की आसान जीत रेफरी के फैसलों पर विवाद बरकरार

**ग्रेटर नोएडा।** निकहत जरीन और मीनाक्षी हुड्डा सहित स्टार मुक्केबाजों ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आसान जीत दर्ज की लेकिन एक बार फिर संदिग्ध रेफरिंग सुर्खियां बनी। ताजा विवादों और बाधित मुकाबलों के कारण टूर्नामेंट पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुरुष वर्ग की स्पर्धा में विवाद हावी रहा। एक मुकाबला बीच में ही रोक दिया गया जबकि एक अन्य बाउट में एक मुक्केबाज पर अपने प्रतिद्वंद्वी को काटने का आरोप लगा। रेलवे खेल नियंत्रण बोर्ड के मुक्केबाज इशमीत ने अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) के मोहित पर मिडिलवेट (75 किग्रा) मुकाबले के दौरान उन्हें 'काटने' का आरोप लगाया। पहले राउंड में 'स्टैंडिंग काउंट' मिलने के




### रोहतक की मीनाक्षी हुड्डा व निकहत ने जीते मुकाबले

बाद दूसरे राउंड में मोहित पर इशमीत के कंधे पर कई बार काटने का आरोप लगा। इसके बाद इशमीत ने रेफरी से शिकायत की और काटने के स्पष्ट निशान भी दिखाए। इसके बावजूद रेफरी ने मुकाबला जारी रहने दिया। रेलवे के एक कोच ने कहा, ''हमने इस फैसले का विरोध किया है।

### रेफरी को रोकना चाहिए था मुकाबला

रेफरी को तुरंत मुकाबला रोक देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने बाउट जारी रहने दी।'' मुक्केबाजी में काटना एक गंभीर फाउल माना जाता है जिसके लिए तत्काल अयोग्यता तक की सजा हो सकती है। मुकाबले के बाद मेडिकल अधिकारी ने काटने के कथित निशानों की तस्वीरें लीं जिन्हें तकनीकी दल की रिपोर्ट में शामिल किया गया। बैंथमवेट (55 किग्रा) वर्ग में सेना के पवन बार्तवाल और ललित के बीच मुकाबला भी विवादों में रहा। दूसरे राउंड के बाद मुकाबला पवन के पक्ष में घोषित किया गया। पहले दो राउंड के बाद पवन 3-2 से आगे थे, तभी एआईपी के कई कोच और स्टाफ रिंग में घुस आए और फैसले पर सवाल उठाने लगे जिससे मुकाबला रुक गया।

## टी20 विश्व कप: न्यूजीलैंड स्क्वॉड का ऐलान, सेंटनर को टीम की कमान

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। अनुभवी स्पिनर ईश सोढ़ी भी टीम का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी का साल 2025 में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्हें भी टीम में जगह दी गई है। डफी ने पिछले साल तीनों फॉर्मेट मिलाकर 81 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजी में डफी के साथ लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी और एडम मिल्ने को जगह दी गई है। जिमी



नीशम भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल हैं। ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र टीम में गेंदबाजी और बल्लेबाजी को मजबूत करेंगे। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी टिम सीफर्ट को दी गई है। काइल जैमीसन रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हैं।

## यूनाइटेड कप: कोको ने जीते एकल-युगल मैच, सेमीफाइनल में एंट्री

**पर्थ।** कोको गॉफ ने ग्रुप चरण के एक मैच में हार को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करके अपने एकल और युगल मैच जीते, जिससे मौजूदा चैंपियन अमेरिका ने यूनान को 2-1 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिका को 1-0 से बढ़त दिलाई। टेलर फ्रिट्ज हालांकि पुरुष एकल में स्टेफानोस सिटसिपास से वह 6-4, 7-5 से हार गए। गॉफ ने इसके बाद क्रिश्चियन हैरिसन के साथ मिलकर मिश्रित युगल में सिटसिपास और सकारी को 4-6, 6-4, 10-8 से हराकर अमेरिका की सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी गॉफ को इससे पहले ग्रुप चरण की अपने आखिरी एकल मैच में हार का सामना करना पड़ा था। वह विश्व में 42वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मानेरो से 6-1, 6-7 (3), 6-0 से हार गईं थी। लेकिन फ्रिट्ज ने अपना एकल मैच जीता तथा गॉफ और हैरिसन ने मिश्रित युगल में जीत हासिल करके अमेरिकी टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।



## एसए20: एमआई केपटाउन ने जोबर्ग सुपर किंग्स को चार विकेट से हराया

**केपटाउन।** साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और जोबर्ग सुपरकिंग्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें एमआई केपटाउन ने 4 विकेट से जीत हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच 20 ओवर की जगह 12 ओवर का खेला गया। पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सुपरकिंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 44, मैथ्यू के 21, जेम्स के 15 और रंजने के 12 रन की मदद से 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। एमआई के लिए कॉर्बिन ने 3 ओवर में 3, कप्तान राशिद ने 3 ओवर में 2 विकेट लिए। रबाडा और लिंडे को 1-1 विकेट मिले। एमआई ने 11.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। डुसेन ने 35, पूरन ने 33 और स्मिथ ने 22 रन बनाकर एमआई की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## हर भारतीय की ओर से हम विश्व कप विजेताओं का सम्मान करते हैं : नीता अंबानी

**मुंबई।** नीता एम. अंबानी ने मुंबई में आयोजित यूनाइटेड इन ट्रायम्फ के दूसरे संस्करण को भारत की तीन विश्व कप विजेता टीमों पुरुष, महिला और नेत्रहीन महिला टीम के लिए हर भारतीय की ओर से धन्यवाद बताया। अंबानी ने कहा, "मुझे लगता है कि हम नए साल की शुरुआत एक बेहद विशेष अवसर के साथ कर रहे हैं। भारत की तीनों क्रिकेट टीमें-पुरुष क्रिकेट टीम, महिला क्रिकेट टीम और नेत्रहीन क्रिकेट टीम—आज एक ही छत के नीचे मौजूद हैं और हर भारतीय की ओर से हम उन्हें इतना आनंद और खुशी देने के लिए सम्मानित करने जा रहे हैं।" खेल की विशिष्ट शक्ति और उसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर बोलते हुए अंबानी ने कहा, "खेल दिलों को और भारत को जोड़ता है। आज हम विजय में एकजुट हैं। हम इनका जश्न मनाने जा रहे हैं और इनकी जीत का उत्सव मनाएंगे।"इस समारोह के



केंद्र में भारत की तीन विश्व कप विजेता टीमों के कप्तान-रोहित शर्मा, हरमनप्रीत कौर और दीपिका टीसी-रहे, जिनके नेतृत्व, दृढ़ता और विश्वास ने ऐतिहासिक जीतों को आकार दिया और पूरे देश को प्रेरित किया। इस अवसर पर तीनों विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी- जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और गंगा कदम-की भी उपस्थिति रही। साथ ही क्रिकेट जगत की महान हस्तियां सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और रविचंद्रन अश्विन, ओलंपिक और पैरालंपिक दिग्गज मुरलीकांत पेटकर, दीपा मलिक और देवेंद्र झाझरिया, तथा भारतीय सिनेमा की प्रमुख शख्सियतें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान भी मौजूद रहीं, जिससे भारत के सबसे प्रशंसित प्रतीकों का एक दुर्लभ और प्रभावशाली संगम देखने को मिला। यूनाइटेड इन ट्रायम्फ खेल को उत्कृष्टता, समावेशन और एकता की शक्ति के रूप में देखने की अंबानी की सोच को दर्शाता है। यह पहल केवल जीत का ही नहीं, बल्कि उन मूल्यों और उद्देश्य का भी उत्सव है जो भारत की खेल यात्रा को परिभाषित करते हैं।

## मलेशिया ओपनः सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीत से की शुरुआत

# सिंधू की जोरदार वापसी, 51 मिनट में युन को हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

चोटिल होने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी ने नए सत्र की जीत से शुरुआत करते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्ग में अगले दौर में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए सभी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं से हट गई थी। उन्होंने वापसी पर अच्छा खेल दिखाया तथा 51 मिनट तक चले महिला एकल के मुकाबले में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो ह्सुआन और ली झे-हुए को 35 मिनट में 21-13 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा।




### कपिला और क्रास्टो की जोड़ी बाहर

ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से 15-21, 21-18, 15-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इंडोनेशिया की फेब्रिआना द्विपुजी कुसुमा और मेइलिसा ट्रायस पुष्पितासारी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 66 मिनट के मुकाबले में 9-21 23-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### विश्व में 18वीं रैंकिंग सिंधू ने दिखाया सहज खेल

विश्व में 18वीं रैंकिंग सिंधू ने सहज खेल दिखाया और सुंग को दूसरी बार हराकर उनके खिलाफ अपना रिकॉर्ड 2-0 कर लिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला विश्व में नौवें नंबर की जापानी खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से होगा। मियाजाकी जब 21-19, 1-2 से आगे चल रही थी, तब दक्षिण कोरिया की उनकी प्रतिद्वंदी सिम यू जिन चोटिल होने के कारण मुकाबले से हट गई थी, जिससे जापान की खिलाड़ी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही। सिंधू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले गेम में 6-2 की बढ़त हासिल कर ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें पहला गेम अपने नाम करने में कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन दूसरे गेम में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में सिंधू एक समय 4-11 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने इसके बाद अच्छी वापसी की और स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया।




## खबर संक्षेप

### जोमेटो की कंपनी को 3.69 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** इटरनल, जो जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी है, को वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) से जुड़ा एक मांग आदेश मिला है। यह आदेश ब्याज और जुर्माने सहित कुल 3,69,80,242 रुपये का है और यह अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि से संबंधित है। कंपनी ने बताया कि यह आदेश पश्चिम बंगाल में राज्य कर (अपील) के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है।

### स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका ने दी फिर से धमकी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास के एक्स हैंडल पर स्टूडेंट वीजा को लेकर जो चेतावनी जारी की गई है। उसमें कहा गया है कि अमेरिकी कानून को तोड़ने से आपके स्टूडेंट वीजा पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर आप गिरफ्तार होते हैं या किसी कानून का उल्लंघन करते हैं, आपका वीजा वापस लिया जा सकता है, आपको डिपोर्ट किया जा सकता है और आपको भविष्य में भी अमेरिकी वीजा के अयोग्य ठहराया जा सकता है।

### सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में 13 पर कुल 65 लाख का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन कैडरों में 7 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने पूना मार्गेम पहल के तहत आत्मसमर्पण किया। ये लोग माओवादियों की पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन और आंध्र ओडिशा में सक्रिय थे।

## पीएम मोदी और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर की बात

# दोनों नेताओं ने 'आतंकवाद' से और मजबूती से लड़ने के अपने इरादे की प्रतिबद्धता जताई

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर एक-दूसरे से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी और काउंटर टेररिज्म जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने इजराइली पीएम और वहां की जनता को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर भी चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पीएम मोदी ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अपने दोस्त, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें व इजराइल के लोगों को नए साल की बधाई देकर खुशी हुई।

*पीएम मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू ने आपसी हितों के लिए इन संबंधों को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद की घोर आलोचना की और आतंकवाद के हर रूप और अभिव्यक्ति के प्रति किसी भी तरह की नरमी न बरतने की अपनी नीति को दोहराया*


पीएम मोदी और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू फाइल फोटो

### वैश्विक मुद्दों और क्षेत्रीय हालातों पर किया विचार विमर्श

#### पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी की चर्चा

उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने क्षेत्र में निष्पक्ष और स्थायी शांति के प्रयासों, जिसमें गाजा शांति योजना का शीघ्र कार्यान्वयन शामिल है, के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने लगातार एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

#### आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं

पीएम कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी प्रकार और रूपों को 'कतई बर्दाश्त न करने' के अपने दृष्टिकोण को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।

**पिछले साल दिसंबर में भी की थी फोन पर बात**

इससे पहले दोनों देशों के पीएम ने पिछले साल 10 दिसंबर 2025 को एक-दूसरे से फोन पर बात की थी। पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी को फोन किया था, और दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

इजराइल ने बढ़ाया कदम

### 'ई1 परियोजना' पर काम शुरू, वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंटेगा

इजराइल ने यरुशलम के निकट एक विवादास्पद बस्ती निर्माण परियोजना पर काम शुरू करने से पहले अंतिम बाधा को पार कर लिया है जिससे प्रभावी रूप से वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंट जाएगा। सरकारी निविदा से यह जानकारी मिली।

इस निविदा के माध्यम से निर्माण कार्य से जुड़े 'डेवलपर' से बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं, जिससे 'ई1 परियोजना' के निर्माण कार्य को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। बस्ती निर्माण पर नजर रखने वाले संगठन 'पीस नाउ' ने इस निविदा की जानकारी दी। समूह के बस्ती निगरानी विभाग के प्रमुख योनी मिजराही ने कहा कि प्रारंभिक कार्य इसी महीने शुरू हो सकता है।

## ईरानी सेना के कमांडर की चेतावनी

# इजराइल और अमेरिका के बयान 'खतरा', जवाब देंगे

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में तनाव फिर चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने बुधवार को इजराइल को चेतावनी दी कि वह देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में दखल न दें। ईरान ने कहा कि इसका जवाब दिए बिना नहीं रहा जाएगा। इस बीच ईरान ने तेहरान में इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को फांसी देने का भी ऐलान किया है। बता दें कि ईरान में इन दिनों सरकार विरोधी प्रदर्शन चरम पर हैं। पूरे देश में मुल्ला/मौलवी शासित प्रणाली के खिलाफ लोग सड़कों पर हैं, जिसे दबाने के लिए सरकार ने ताकत का इस्तेमाल किया है।



### राष्ट्र के खिलाफ बातें बर्दाश्त नहीं

हातेमी ने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान दुश्मन की ईरानी राष्ट्र के खिलाफ बयानबाजी में इस बढ़ोतरी को एक खतरा मानता है, और हम ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं करेंगे, जिसमें यह बिना किसी जवाब के जारी रहे। अगर दुश्मन कोई गलती करता है तो ईरान की प्रतिक्रिया जून में ईरान और इजराइल के बीच 12-दिवसीय युद्ध के दौरान की तुलना में अधिक मजबूत होगी।

## लक्जमबर्ग में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# वेनेजुएला घटनाक्रम पर भारत चिंतित सभी पक्षों से बातचीत करने की अपील



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिए जाने पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत का रुख स्पष्ट किया है। लक्जमबर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयशंकर ने कहा कि हम हालिया घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं। लेकिन हम इसमें शामिल सभी पक्षों से यह आग्रह करेंगे कि वे अब बैठकर ऐसे समाधान पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के हित में हो, क्योंकि यही हमारी चिंता है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के साथ भारत के कई सालों से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हम चाहते हैं कि वेनेजुएला के लोग मौजूदा घटनाक्रम की दिशा चाहे जो भी हो, उससे सुरक्षित और बेहतर स्थिति में बाहर आएं।

### द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाएंगे

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के राष्ट्राध्यक्ष ग्रैंड ड्यूक गुइलौम से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि लक्जमबर्ग के राष्ट्राध्यक्ष ग्रैंड ड्यूक गुइलौम से मुलाकात करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। विदेश मंत्री ने भारत के प्रति ग्रैंड ड्यूक की सकारात्मक भावनाओं और भारत-लक्जमबर्ग द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के उनके दृष्टिकोण की सराहना की।

## चांद पर बड़े मिशन की तैयारी!

### 2040 तक अंतरिक्ष यात्री भेजेगा भारत

**अहमदाबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख ए एस किरण कुमार ने भारत के भविष्य के अंतरिक्ष रोडमैप को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भारत न केवल चंद्रमा पर मानव भेजने की तैयारी कर रहा है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) की प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष कुमार ने एएसआई के 5वें सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कहा कि अब से लेकर 2040 तक अंतरिक्ष गतिविधियों में कई मिशन चलाए जाने वाले हैं। 2040 तक इसरो की योजना भारतीयों को चंद्रमा पर भेजने और उन्हें सुरक्षित वापस लाने की है।


फाइल फोटो

## स्व. सिन्हा को रक्षा मंत्री ने किया नमन

### ले. जनरल सिन्हा प्रेरणास्रोत थे : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लेफ्टिनेंट जनरल श्रीनिवास कुमार सिन्हा के जन्म शताब्दी के मौके पर आयोजित किए गए एक स्मृति व्याख्यान में अपना एक वीडियो संदेश दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा की संप्रभुता से जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर रही स्पष्ट और दृढ़ नीति के साथ ही हमारा देश आगे बढ़ रहा है। स्वर्गीय लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा जैसी विभूतियां सरकार के लिए प्रेरणास्रोत हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

## छग के पूर्व सीएम को असम की जिम्मेदारी

### भूपेश वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विभिन्न राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज करते हुए विभिन्न राज्यों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। असम के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और झारखंड के वरिष्ठ नेताओं नेता बंधु तिर्की को जिम्मेदारी है दी।

## ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाक का बेतुका बयान

# अकेले या किसी के साथ भी आओ ...मजा न करा दिया तो पैसे वापस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अहमद शरीफ चौधरी

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत को लेकर बेतुका बयान दिया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, स्थापित सैन्य संचार मानकों से हटकर भारत को बिना किसी उकसावे के धमकी दी, और कहा कि मजा न कराया तो पैसे वापस। साल 2026 कैसा होगा इस बात पर चौधरी ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि हम कैसे खड़े होते हैं।हमारे दुश्मन की मंशा साफ है। भारत आपके अस्तित्व को स्वीकार नहीं करेगा। वह कह रहा है कि मेरे दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त है। हमारी किस्मत हमारे अपने हाथों में है। जो चाहो करो। जहां से चाहो आओ। दाएं से आना है, बाएं से आना है, ऊपर से आना है, नीचे से आना है, अकेले आना है, या इकट्ठे आना है, जैसे मर्जी आना हो, एक बार मजा न करा दिया न तो पैसे वापस। बता दें चौधरी को हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार को आंख मारने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

## कठुआ में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक दूरदराज के गांव में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ बुधवार शाम बिलावर के काहोग गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने दो-तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने कहा कि एसओजी कठुआ ने कठुआ के कमाध नाला के जंगल में आतंकवादियों से मुठभेड़ की है।

## कर्नाटक और राजस्थान के केस में सुनवाई

# कोटे की छूट ली तो जनरल में गिनती नहीं अच्छा प्रदर्शन किया तो सामान्य में काउंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को लेकर कर्नाटक और राजस्थान के मामले में दो बड़े फैसले सुनाए हैं। दोनों ही फैसलों का सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का लाभ लेने वालों या आरक्षित वर्गों और आरक्षण से वंचित रखे गए या सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने ये दोनों फैसले दो अलग-अलग राज्यों से संबंधित मुकदमों पर सुनाए हैं। इन दोनों फैसलों से सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगर आरक्षित वर्ग का कोई उम्मीदवार किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में आरक्षण का किसी भी तरह से कोई लाभ उठाए बिना, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से बेहतर प्रदर्शन करता है तो भर्ती या नामांकन के समय उसे जनरल कैटेगरी में ही माना जाएगा। 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक से जुड़े एक केस में अनुसूचित जाति के एक उम्मीदवार को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए अनारक्षित वर्ग की सीट पर नियुक्ति देने से इनकार कर दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान से जुड़े एक मामले में फैसला सुनाया कि अगर अनारक्षित श्रेणी (एससी, एसटी, ओबीसी,आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) का कोई उम्मीदवार बिना आरक्षण का लाभ उठाए जनरल कैटेगरी के कट-ऑफ से ज्यादा नंबर लाता है, तो मेरिट लिस्ट में उसे सामान्य वर्ग में रखा जाएगा, न कि आरक्षित वर्ग में।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार भारतीय सेना

# चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने जारी किया प्रशिक्षण विजन दस्तावेज

तीनों सेनाओं ने संयुक्त रूप से तैयार किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप बनाने के लिए चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने एक महत्वपूर्ण विजन दस्तावेज जारी किया है। यह दस्तावेज थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, जो प्रशिक्षण पद्धति को अधिक आधुनिक, प्रभावी और भविष्योन्मुखी बनाने पर केंद्रित है। एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) द्वारा साझा जानकारी के अनुसार, इस दस्तावेज में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य तथा भविष्य की संभावित चुनौतियों का विस्तृत आकलन किया गया है।


चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के सदस्य

**आधुनिक युद्ध की जटिलताएं समझाएंगे**

इस प्रशिक्षण दस्तावेज का मुख्य लक्ष्य ऐसे सैन्य नेताओं का निर्माण करना है जो आधुनिक युद्धक्षेत्र की जटिलताओं को समझें और जल, थल, वायु, अंतरिक्ष तथा साइबर जैसे विभिन्न डोमेन में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स को संयुक्त एवं समन्वित रूप से संचालित करने में सक्षम हों। हर चरण के लिए स्पष्ट शिक्षण उद्देश्य परिभाषित किए गए हैं, ताकि सैन्य अधिकारियों के विकास में क्रमिक और सार्थक प्रगति सुनिश्चित हो सके।

### सभी स्तरों के लिए व्यवस्थित दक्षताएं

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इसमें बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण से लेकर उच्च अधिकारियों के सामरिक एवं रणनीतिक स्तर के प्रशिक्षण तक सभी स्तरों के लिए अपेक्षित क्षमताओं और दक्षताओं का व्यवस्थित विवरण शामिल है। यह दस्तावेज न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सशस्त्र बलों को भविष्य की तकनीकी एवं युद्धक आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का भी प्रयास करता है।

### यह विजन निर्णायक पहल

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का यह विजन भारतीय सैन्य ढांचे को अधिक समन्वित, सक्षम और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28